तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	सुमेरमल बनाम लो.सू.अ.(तहसीलदार बिलाड़ा) सू.अ.अ. अपील संख्या 246/2022	
14-09-2022	अपीलार्थी सुमेरमल पुत्र अमराराम, पता सावंलनगर(मूलराज) पोस्ट ऑफिस लोहावट जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 28. 05.2022 में (1) पटवारी नेमी विश्नोई के विवाह प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि, से संबंधित सूचना के लिए ,लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बिलाड़ा) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बिलाड़ा) से जरिये पत्रांक 531 दिनांक 12.08.2022 को रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना इस कार्यालय के पत्रांक/स्थापन्ना/2022/289 दिनांक 20.06.22 द्वारा जरिये स्पीड पोस्ट सूचना भिजवा दी गई थी। रिपोर्ट के संलग्न प्रार्थी को प्रेषित पत्र की प्रति का अवलोकन करने से पाया गया कि नेमी विश्नोई पटवारी के विवाहित/अविवाहित होने के संबंध में कार्मिक के सेवा पुस्तिका तथा निजी पत्रावली में विवाहित/अविवाहित होने के संबंध में किसी प्रकार का विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र या शपथपत्र नहीं है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी को सूचना प्रेषित की जा चुकी है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	